हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 32.2 डिग्री

4
**9226 मजदूरों को 150 व 198 को 200 दिनों का मिला रोजगार**




# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**



भिलाई। ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैकल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में सागर, लाईकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिला हुआ। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाता है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन कक्षाएं भी होता है। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 179/179 न्यु सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887


## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने स्थैतिक निगरानी दल का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में बगीचा एसडीएम ओंकार यादव एव तहसीलदार सन्ना द्वारा ग्राम चम्पा स्थित स्थैतिक निगरानी दल नाका का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण में 53 वाहनों का जांच होना पाया। एसडीएम ने एसएसटी टीम के लिए आवश्यक ड्रम, रेडियम एवं अतिरिक्त रोशनी हेतु सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। एसएसटी टीम को आम जनता की जांच सौहाद्रपूर्ण तरीके से एव संदिग्ध वाहनों के संबंध में तत्काल कार्यवाही करते हुए उच्च अधिकारीयों को सूचित करने के निर्देश दिए।

### दो दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ



**जशपुरगनर।** जिला प्रशासन द्वारा यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से संचालित संकल्प कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन प्रशिक्षण कार्यशाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में पत्थलगांव और फरसाबहार विकासखंड के महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षण में यूनिसेफ छत्तीसगढ़ से प्रशिक्षक के रूप में यूनिसेफ राज्य सलाहकार श्री अभिषेक त्रिपाठी, खंड चिकित्सा अधिकारी पत्थलगांव डॉक्टर जेम्स मिंज सर जिला समन्वयक तेजराम सारथी बीपीएम पत्थलगांव धर्मेंद्र धुर्वे शामिल रहे।

### मतदान कर्मियों की सही जानकारी भरने के निर्देश



**जशपुरनगर।** एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने लोकसभा निर्वाचन के लिए पत्थलगांव विकासखंड के सभी आरआई, पटवारी, लिपिक वर्ग कर्मचारियों की बैठक ली। सभी कर्मचारियों को वोटर सर्विस पोर्टल से एपिक कार्ड के माध्यम से मतदाता के विधानसभा वार भाग संख्या एव सरल क्रमांक ढूंढने बाबत जानकारी दी गई। मतदान कर्मियों के प्रथम प्रशिक्षण में कक्षवार ड्यूटी लगाकर मतदान कर्मियों की सही जानकारी भरने निर्देश दिए। ऑपरेटर को डाक मतपत्र और निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के विषय में जानकारी दी गई। पटवारियों को अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के होम वोटिंग बाबत रूट चार्ट बनाने हेतु निर्देशित किया गया और सभी के कार्यक्षेत्र में मतदान केंद्रों में एएमएफ संबंधी चूक पर तत्काल कार्यवाही हेतु सक्रिय रहने कहा गया।

## 60 स्थाई व 79 गिरफ्तारी वारंटियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

# वारंटियों के विरूद्ध पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई







पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वारंटियों की धरपकड़ शुरू की गई है। 21 मार्च से 4 अप्रैल तक विशेष अभियान ऑपरेशन बर्ड चलाकर 60 स्थाई वारंटी एवं 79 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

इस अभियान की मॉनिटरींग एवं तामीली हेतु जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की जा रही वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई

लगाया गया था। अभियान के तहत जशपुर अनुविभाग के थाना जशपुर द्वारा 09, थाना लोदाम 01, थाना आस्ता 02, थाना दुलदुला 01 कुल 13, कुनकुरी अनुविभाग के थाना कुनकुरी से 12, थाना कांसाबेल 02, थाना फरसाबहार 03 कुल 17, बगीचा अनुविभाग के थाना बगीचा से 12, थाना सन्ना 01, चौकी सोनक्यारी 01 कुल 14 एवं अनुविभाग पत्थलगांव के थाना पत्थलगांव से 12, थाना बागबहार 03, थाना तुमला 01 कुल 16 स्थाई वारंट तामील किया गया है। गिरफ्तारी वारंट में जशपुर अनुविभाग के थाना जशपुर से 09, चौकी मनोरा 04, चौकी आरा 05, थाना लोदाम 05, थाना आस्ता 02, थाना दुलदुला 03 कुल 23, कुनकुरी अनुविभाग के थाना कुनकुरी से 13, थाना तपकरा-08, चौकी करडेगा-02, थाना कांसाबेल 02, चौकी दोकड़ा 02, थाना फरसाबहार 03 कुल 30, बगीचा अनुविभाग के थाना बगीचा से 01, चौकी सोनक्यारी 01, थाना नारायणपुर 04 कुल 06 एवं अनुविभाग पत्थलगांव के थाना पत्थलगांव से 14, थाना बागबहार 04, चौकी कोतबा 02 कुल 20 वारंट तामील कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा वारंटियों के जेल वारंट जारी करने पर वारंटियों को जेल दाखिल किया गया है। इन वारंटियों के विरूद्ध माननीय न्यायालय की ओर से वारंट निर्गत किया गया था। वारंट निर्गत होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहे थे, पुलिस द्वारा मुखबीर लगाकर एवं अभियान चलाकर इन्हें पकड़ा और कोर्ट में पेश किया गया है। इनमें से कई शातिर आरोपियों के संबंध में लुकछिप कर रहने की जानकारी मिली थी, कई शातिर आरोपी जिले के अपराध में संलग्न होने से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किये जाने पर पहचान छिपाकर सीमावर्ती राज्यों व जिलों में रहने लगे थे। पुलिस द्वारा पकड़े गये सभी वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया है।



वाहन चेकिंग करती पुलिस।

# हेलमेट व सीट-बेल्ट लगाए बिना घूमने वालों पर कार्रवाई

**नारायणपुर।** गुरुवार को नारायणपुर पुलिस ने थाना गेट के सामने मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो से अधिक सवारी वाले दोपहिया

- नियम का पालन नहीं करने पर काटे गए चालान

वाहन चालकों पर कार्रवाई के साथ ही बिना हेलमेट मिले लोगों के भी चालान काटे गए। नारायणपुर थाना मार्ग पर थाना प्रभारी सतीश सोनवानी ने पुलिस बल के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान में दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। दो पहिया वाहनों पर ⏭ शेष पेज 4 पर

### चेकिंग के डर से भागे नहीं

वाहन चलाने के समय अचानक पुलिस की जांच को देख कर भागने की कोशिश बिल्कुल ना करें। पुलिस जांच की डर से हड़बड़ी में वाहन को मोड़ने और तेज भागने से दुर्घटना का पूरा खतरा रहता है। हमेशा चलाते वक्त हेलमेट लगाए और साथ मे अपनी वाहन में गाड़ी का रजिस्ट्रेशन बुक, इन्श्योरेंस का कागज और ड्राइविंग लाइसेंस साथ मे रखे। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करे, यह वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

# विद्यादान सबसे बड़ा धर्म : शर्मा

**पत्थलगांव।** जोगपाल पब्लिक स्कूल के 14 वें वार्षिकोत्सव की शुरूआत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामभक्त शर्मा व गुरुद्वारा के ज्ञानी त्रिलोचन सिंह हैं। साथ मे कांसाबेल से जनपद उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह भाटिया, स्कूल के डायरेक्टर शरनजीत सिंह भाटिया एवं एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया रहे।

- जोगपाल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव

गुरुवार की शाम को शुरू हुए वार्षिकोत्सव की शुरूआत माँ सरस्वती जी की वंदना, फूल माला व दीप प्रज्जवलित कर की गई। मुख्य अतिथि राम भक्त शर्मा ने जोगपाल स्कूल के बारे में कहा कि विद्या देना सबसे बड़ा धर्म है। किसी भी व्यक्ति से सब कुछ छीना जा सकता है पर विद्या को कभी छीना नही जा सकता इसलिए अच्छी शिक्षा हमेशा काम आता है।

ज्ञानी त्रिलोचन सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर बहुत अच्छा लगा इस स्कूल के सभी बच्चे अच्छी पढ़ाई कर अपने घर परिवार का नाम रोशन करें। आप सभी इन्ही




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

स्कूलों से ही अपनी शिक्षा सीखते है सफलता की ओर अग्रसर होते है। आप सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं।

जोगपाल स्कूल के डायरेक्टर शरनजीत सिंह भाटिया ने अपने स्कूल के बारे में कहा कि मेरा स्कूल खोलने का मकसद यहां के बच्चो को अच्छी शिक्षा दिलाने की थी जो अब सार्थक होता दिख रहा है। मेरा स्कूल खोलना बिजनेस करना नही है। एक दूसरी शाखा कांसाबेल में भी चला रहे हैं। अब तीसरी शाखा के रूप में महादेवडाड में खोलने जा रहे है। जो पूरी तरह अच्छी शिक्षा और राष्ट्रियता के लिए जाना जाएगा।

कार्यक्रम में सभी कक्षाओं में आए प्रथम द्वित्तीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके माता पिता के साथ मेडल से सम्मानित किया गया और विधालय की तरफ से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को दिए जाने वाले खास पुरस्कार भी दिए गए जिसमें सबसे पहले स्टूडेंट ऑफ द ईयर क्लास 11वी सुरभि गुप्ता, पिता राजेश कुमार गुप्ता, माता श्रीमती सोनी गुप्ता को दिया गया। फुल अटेंडेंस के लिए कक्षा तीसरी के प्रिंस सुमन, पिता मिस्टर कलाराम सुमन और माता श्रीमती मालती सुमन को दिया गया ,बेस्ट क्लास ऑफ़ द ईयर कक्षा छठवीं क्लास टीचर श्रीमती रीमा प्रसाद को दिया गया। बेस्ट हाउस के लिए सतलुज हाउस ( कैप्टन श्रीमती रीमा प्रसाद , रोहित मल्होत्रा, पायल शर्मा) को दिया गया। जोगपाल के कई विद्यार्थियों ⏭ शेष पेज 4 पर

# रौनियार समाज ने मनाया महर्षि कश्यप जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शुक्रवार किलकिला के पावन धरा जहां स्वंभू भगवान भोलेनाथ बिराजमान है। पत्थलगांव का रौनियार समाज ने बड़े ही धूमधाम से कश्यप जयंती मनाया ।

सुबह से ही रौनियार समाज के लोगो ने अपनी अपनी गाड़ियों में जय रौनियार लिखे स्टिकर लगाए वाहन से तय जगह किलकिला के पावन धाम भगवान भोलेनाथ किलकेलेश्वर धाम पहुचे सुबह 9:30 बजे से महर्षि कश्यप जयंती का विधिवत कार्यक्रम को शुरू किया गया जहां सर्वप्रथम महर्षि कश्यप की फोटो पे फूल माला पहना कर अगरबत्ती दिखा कर पूजन किया गया जहां महर्षि कश्यप की आरती गाई गई। ततपश्चात शुक्रवार 5 अप्रैल महर्षि कश्यप जयंती की शुरुआत की गई सबसे पहले किलकिलेश्वर मन्दिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ को प्रणाम कर रौनियार समाज के आये सभी परिवार जनों को जलपान ग्रहण करने कहा ततपश्चात सभी ने

- किलकिला धाम की पावन धरा पर मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती



महर्षि कश्यप जयंती मनाने पहुंचे रौनियार समाज।

जलपान ग्रहण किया। महर्षि कश्यप मुनि के फ्लेक्स के पास काफी लोग सेल्फी लेते दिखे जो सामाजिक भाई चारे और समाज के लिए एक तरह से ऊर्जा का संचार करने जैसा था। लगभग 11 कार्यक्रम शुरू करने से पहले अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता ने पत्थलगांव के मुखिया अरुण गुप्ता से कार्यक्रम को शुरू करने की अनुमति मांगी जिसे मुखिया अरुण गुप्ता ने धूमधाम से कार्यक्रम शुरू करने कहा 11:30 बजे समाज के आये सभी परिवार के लोग महर्षि कश्यप मुनि के लगाए फोटो के पास बुलाकर रौनियार परिवार के सभी परिवार के महिला पुरूष को गमछा और महिलाओं को स्टाल देकर सम्मान किया गया जिससे समाज का हर ब्यक्ति बहुत ज्यादा खुश दिखा समाज के लोग जब एक जगह एक मंच में पूरे परिवार के साथ मिलते है। आनन्द बहुत बढ़ जाता है। यही वो समय होता है। जब पूरे समाज के लोग एक दूसरे से अच्छी तरह मिल पाते है। जहां आज के दौर में पूरी तरह जिंदगी सभी की भागमभाग वाली है। किसी के पास ही समय नही है। पर जब भी मौका मीले और खास कर समाज के बीच तो उन समय का जम कर आनंद उठाना ही चाहिए जो पत्थलगांव का रौनियार समाज ने भी किया और जम कर भरपूर आनन्द उठाया। लगातार सुबह से मैं रौनियार हु रौनियार कहलाता हु जैसे गीतों से पूरा मन्दिर प्रांगण गुंजायमान था सभी बच्चे से लेकर महिलाये ताली बजा कर सभी का हौशला बढा रहे थे। 12 बजे से किये गए खेल जिसमे छोटे बच्चो सहित महिलाओं, पुरुषों ने भी विविध प्रकार के आयोजित खेलो में भाग लिया जिसमे बच्चो से लेकर सभी वर्ग की महिलाओ सहित पुरुषो ने भी भाग लिया। जितने वाले पहले और दूसरे आये लोगो को रौनियार समाज ने पुरुस्कार देकर सभी जीते बच्चो से लेकर पुरुष और महिलाओ का मनोबल उन्हें पुरुस्कार दिया इस कार्यक्रम में भोजपुरी समाज के संरक्षक मनोज तिवारी, एव बच्चन दुब्बे को पत्थलगांव के मुखिया अरुण गुप्ता और संरक्षक शिव शंकर गुप्ता के द्वारा गमछा पहना कर सम्मान किया गया वही सुबह से लेकर शाम तक के इस कार्यक्रम में ज्यादा मेहनत बौर बेहतर कार्य करने के लिए बनाई गई टीम जिसमे प्रताप गुप्ता छोटेलाल गुप्ता ने पहला जितेन्द्र गुप्ता, दूसरा प्रमोद गुप्ता, तीसरा कुंदन गुप्ता, चौथा मनोज गुप्ता, पाँचवा राजेश गुप्ता छटवां प्रेम गुप्ता सातवां राजा गुप्ता का नाम आगे किये जिन्हें बारी बारी से रौनियार समाज ने मोमेंटो देकर सम्मान किया वही रौनियार परिवार ने सुरभि गुप्ता को उसके स्कूल में स्टूडेंट्स आफ ईयर अवार्ड जितने पर पत्थलगांव रौनियार समाज ने भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## सेव, नाशपाती, स्ट्राबेरी, मिर्च, टमाटर व चाय की खेती के गुर सीखे

# महाराष्ट्र के किसानों ने किया फसलों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महाराष्ट्र प्रान्त के पालधर जिले जावर विकासखंड से आये आदिवासी कृषक फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के किसानों ने जशपुर जिले में उगाये जा रहे सेव, नाशपती, स्ट्राबेरी, मिर्च, टमाटर की खेती चाय की खेती का अध्ययन भ्रमण कर किसानों से चाय की खेती के गुर सीखे। उसके बाद नाबार्ड बाड़ी कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम करदना में उगाये जा रहे सेव एवं नाशपती बाड़ी का भ्रमण कर

- ग्राम करदना व कोपा का किया भ्रमण



खेती के गुर सीखे किसान।

अवलोकन किया। उसके पश्चात ग्राम कोपा में स्ट्राबेरी की खेती एवं नाशपती का पौधा रोपण के बारे में किसानों से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये। उसके पश्चात हरित क्रांति एफपीओ के सदस्यों से एफपीओ के कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त किये। एफपीओ के सदस्यों के द्वारा लगाये जा रहे मिर्ची की खेती, टमाटर की खेती का भी अध्ययन भ्रमण कर जानकारी प्राप्त किये। किसानों ने जिले में चलाये जा रहे कार्यक्रमों से प्रभावित होकर अपने क्षेत्र में भी इस प्रकार के खेती करने की पहल शुरु करने की बात कही गयी।

# राष्ट्रभाषा हिन्दी साहित्य सम्मेलन 7 को

**जशपुरनगर।** राष्ट्रभाषा हिन्दी साहित्य सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बसंत बिहार में नगर की संस्था अंकभारती द्वारा रविवार, 7 अप्रैल को किया गया है। कार्यक्रम राष्ट्रीय भाषिक महत्व का है। इसमे परिसंवाद - आत्मानन्द स्कूल और हिन्दी विद्यालय देवनागरी अंकों की वैज्ञानिकता, विलुप्तता और आवश्यकता पर भी चर्चा होगी।

हिन्दी के वो आपातकाल थे, काले दिन थे जब हिन्दी विद्यालयों को समाप्त कर दनादन अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने लगे,ऐसे विषम समय में प्रारम्भ से अब तक हिन्दी माध्यम विद्यालय बचाओ अभियान के अन्तर्गत जिस किसी ऊर्जावान ने कहीं भी, कभी भी, किसी भी रूप में, किसी भी माध्यम से अपनी भूमिका या भागीदारी निभाई है, निर्भिकता से विरोध में और संघर्ष में डटे रहे हैं, उन मां भारती के लाल, वीर हिन्दी पुत्रों और पुत्रियों का नागरिक अभिनन्दन कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। ऐसे जन जिनका विद्यालय बचाओ अभियान में तो कोई भूमिका नहीं रही है किन्तु वे हिन्दी के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य किये हों या कर रहे हों, सरंक्षण संवर्धन, श्रीवृद्धि में लगे हों ऐसे कवि, लेखक, साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार आदि का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता देवेन्द्र राव देशमुख करेंगे जो अखिल भारतीय वैदिक गणित के संयोजक हैं।

5- APR-Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/5/2024 8:17 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'जोकर: फोली ए ड्यूक्स' का पोस्टर जारी, ट्रेलर रिलीज की तारीख तय



निर्देशक टॉड फिलिप्स की अरबों डॉलर की बॉक्स ऑफिस हिट 'जोकर' (2019) की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी 'जोकर: फोली ए ड्यूक्स' अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही इसके ट्रेलर रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया गया है। 'जोकर' की सीक्वल 4 अक्तूबर 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'जोकर: फोली ए ड्यूक्स' का ट्रेलर आज से एक सप्ताह बाद मंगलवार, 9 अप्रैल को जारी होगा। पहला आधिकारिक 'जोकर 2' का पोस्टर जारी होते ही दुनियाभर के सिनेप्रेमियों का दिल जीतने में सफल रहा है। पोस्टर हमें जोकिन फीनिक्स की जोकर के रूप में वापसी और लेडी गागा की हार्ले क्विन के रूप में पहली फिल्म की एक झलक देता है। फिलिप्स की 2019 की हिट फिल्म 'जोकर' ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 1 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की और 11 अकादमी पुरस्कार नामांकन अर्जित किए। 'फोली ए ड्यूक्स' शब्द का अर्थ 'साझा मनोविकृति' या 'साझा भ्रम विकार' है, जो निश्चित रूप से जोकर और हार्ले क्विन के बीच विकृत रिश्ते का संदर्भ है। जाजी बीट्ज 'जोकर 2' में सोफी डमोंड की भूमिका निभाएंगे, जबकि ब्रेंडन ग्लीसन (मिस्टर मर्सिडीज) और कैथरीन कीनर (गेट आउट, ब्रांड न्यू चेरी फ्लेवर) भी अभिनय करेंगे। टॉड फिलिप्स और स्कॉट सिल्वर ने 2019 की हिट फिल्म की सीक्वल की कहानी लिखी है।

### टॉलीवुड

# यश की फिल्म 'टॉक्सिक' सुर्खियों में, कर्नाटक में लगा है भव्य सेट



यश अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर सुर्खियों में हैं। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच वेंकट के नारायण की केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स द्वारा निर्मित, 'टॉक्सिक' से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। खबरों के अनुसार, अभिनेता यश कर्नाटक में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही कर्नाटक में शुरू होगी। निर्माताओं ने पहले से ही बड़े पैमाने पर सेट बनाए हैं, जिससे राज्य में जमीनी स्तर के लोगों, तकनीशियनों और उभरती प्रतिभाओं के लिए नौकरी के अवसर और रास्ते तैयार हो रहे हैं। यश और केवीएन ने अन्य स्थानों पर फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग से पहले कर्नाटक में 'टॉक्सिक' मुख्यालय स्थापित करने की पहल की। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने एक बयान में कहा, 'बेहतरीन सुविधाओं की कमी के कारण, हमारी सभी बड़ी फिल्मों की शूटिंग राज्य के बाहर होती है। यश ने लंबे समय से यह चिंता व्यक्त की है, और इसे बदलने के लिए, हम केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स में कर्नाटक में टॉक्सिक की शूटिंग शुरू कर रहे हैं।'

'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 10 अप्रैल, 2025 को स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है। 'टॉक्सिक' एक गैंगस्टर ड्रामा कहा जाता है, जो ड्रग माफिया के बैकग्राउंड पर आधारित है। कथित तौर पर करीना कपूर और कियारा आडवाणी को फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया है।

### भोजपुरी

# रायपुर के विशाल अब मराठी फिल्म में भी आएंगे नजर



छत्तीसगढ़ (रायपुर) में पले-बढ़े अभिनेता विशाल सुदर्शनवार लगातार संघर्ष करते हुए मुंबई फिल्म जगत में अभिनेता और लेखक के तौर पर अपना मकाम बना रहे हैं। उन्हें बहुचर्चित मूवी ठाकरे, मर्दानी 2 और योद्धा के लिए जाना जाता है। उन्होंने अभिजीत पानसे द्वारा निर्देशित एक बायोपिक फिल्म ₹ठाकरे₹ में राज ठाकरे की भूमिका निभाई, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बाल ठाकरे का अभिनय किया और यश राज फिल्म्स के बैनर तले गोपी पुथरन द्वारा निर्देशित ₹मर्दानी 2₹ में रानी मुखर्जी अभिनीत एक सबसे भरोसेमंद पुलिसकर्मी एसएचओ विनय की भूमिका निभाई। उन्होंने हाल ही में धर्मा प्रोडक्शंस के साथ एक बड़े बजट की फिल्म ₹योद्धा₹ की है, जिसका निर्देशन सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पटानी ने अभिनय किया है। विशाल सुदर्शनवार ने बताया कि उनकी स्कूलिंग रायपुर छोटा पारा सरकारी स्कूल में हुई है। इसके बाद छत्तीसगढ़ कॉलेज से कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया। क्रिकेट के साथ थिएटर में भी दिलचस्पी थी। पुणे में थिएटर किया फिर 2008-09 में मुंबई गया। विशाल ने बताया कि उनके पिता विलास सुदर्शनवार रायपुर की श्याम सिनेमा के बुकिंग क्लर्क थे और बचपन से फिल्में देख कर ही फिल्म जगत के प्रति आकर्षण जागा। विशाल ने बताया कि उन्होंने पहले सचिन मोहिते द्वारा निर्देशित टीवी श्रृंखला ₹शौर्य गाथा₹ में अभिनय किया था और मुख्य प्रतिद्वंद्वी ₹टाइगर मेमन₹ की भूमिका निभाई थी। एक लेखक के रूप में उनका सफर थिएटर से शुरू हुआ, जहां वे नाटकों के लिए संवाद और दृश्य लिखते थे। बाद में वह पटकथा लेखन में आये। उन्होंने कुछ वेब शो, फ़िल्में और लघु फ़िल्में लिखी हैं। कश्मीर पर आधारित उनकी एक्शन ड्रामा वेब सीरीज़ और एडवेंचर सुपर नेचुरल थ्रिलर वेब सीरीज़ प्रसिद्ध स्टूडियो के साथ विचाराधीन हैं। वह एक बड़े प्रोडक्शन हाउस के लिए भारतीय सेना के शहीद के जीवन पर आधारित एक बड़े बजट की बायोपिक फिल्म भी लिख रहे हैं। विशाल ने बताया कि वह एक मराठी फिल्म बतौर लीड नजर आएंगे, जिसे साजिद नाडियावाला बना रहे हैं।

लाइफ स्टाइल



## अफ्रीकी लाल-काला जादू

अफ्रीकन फैशन इंटरनेशनल (एएफआई) फैशन की दुनिया में गुणवत्ता, किफायती और प्रामाणिक अफ्रीकी डिजाइनर ड्रेस उपलब्ध कराता है। 2007 से शुरू हुई इस पहल ने वैश्विक फैशन उद्योग में विविधता की कमी को पूरा किया है। हाल ही में एएफआई में लाल और काले रंग के सम्मिश्रण के साथ मॉडल को पेश किया।

# कटे-फटे पैरों की देखभाल करने के लिए काम आएंगी ये चीजें

त्वचा की सही तरीके से रोजाना देखभाल करने से स्किन मॉइस्चराइज रहती है। इसके लिए आप नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करें।

खूबसूरत त्वचा पाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं। स्किन केयर रूटीन से लेकर घरेलू नुस्खें तक आजमाते हैं। बदलते मौसम और घर के कामकाज में लगे रहने के कारण केवल चेहरे की ही नहीं बल्कि पैरों की त्वचा को भी कई तरीके से नुकसान पहुंचता है।

अक्सर स्किन ड्राईनेस के कारण त्वचा खुदरी हो जाती है और स्किन कटने लगती है। पैरों की सही तरीके से देखभाल करने से स्किन ड्राई नहीं होती है। आइये जानते हैं कैसे करें हाथों की देखभाल ताकि इनकी ड्राईनेस कम हो पाए और त्वचा मॉइस्चराइज हो सके।

**नेचुरल चीजें आएंगी काम:** त्वचा के लिए नेचुरल चीजें बेहद लाभदायक होती हैं। ऐसा इसलिए यह पूरी तरह से नेचुरल होती हैं। वहीं आप घर में मौजूद चीजें जैसे गुलाब जल, कच्चा दूध, शहद जैसी चीजों से त्वचा को मॉइस्चराइज कर सकती हैं। आप चाहे तो इन सब चीजों की मदद से घर में स्किन मॉइस्चराइजर भी बना सकती हैं और खुदरी त्वचा को समय-समय पर सही तरीके से नमी प्रदान कर सकती हैं।

**पेडीक्योर करने के फायदे क्या हैं ?:** जरूरी नहीं है कि आप नेल केयर रूटीन बाहर से ही करवाया जाये और ढेरों रुपये लगाये जाए। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप घरेलू चीजों की मदद भी ले सकती हैं और त्वचा को मॉइस्चराइज भी कर सकती हैं। इसके लिए आप एक बाउल में गुनगुना पानी लेकर इसमें गुलाब जल डालकर 10 से 15 मिनट तक के लिए पैरों को डूबोकर रख सकती हैं। इसके बाद हाथों को तौलिए से साफ करके फुट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**पैरों की त्वचा को डीप मॉइस्चराइज करने के लिए क्या करें ?**



खुदरे पैरों को मॉइस्चराइज करने के अनेक तरीके होते हैं। इसके लिए आपको अलग से फुट क्रीम खरीदने की जरूरत नहीं है, बल्कि आप घर में रखे नारियल के तेल से भी त्वचा को सही मात्रा में नमी प्रदान कर सकते हैं। दिन में कम से कम 2 से 3 बार तक आप पैरों को धोने और सूखाने के बाद नारियल के तेल से पैरों और नाखूनों पर मसाज कर सकती हैं। इसके लिए किसी अच्छे मेकअप आर्टिस्ट से भी सलाह ले सकती हैं। किसी भी चीज को चेहरे पर लगाने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।

# गर्मियों में पहनें सिंपल डिजाइन वाली कुर्तियां, राहत मिलेगी और निखरेगा लुक



फैशन

कुर्ती को स्टाइल करने के लिए आप जीन्स से लेकर लेगिंग या शरारा तक को चुन सकती हैं। वहीं इसकी स्टाइलिंग आप अपने लुक के हिसाब से ही करें।

स्टाइलिश दिखने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं। वहीं कुर्ती का चलन तो हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है। कुर्ती के लेटेस्ट डिजाइन की बात करें तो आजकल आलिया कट डिजाइन की कुर्ती को काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें आपको कई तरह के पैटर्न और प्रिंट आसानी से मिल जाएंगे।



कुर्ती को स्टाइल करने के भी कई तरीके होते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं आलिया कट कुर्ती के खास डिजाइंस जिन्हें आप आसानी से इस फेस्टिव सीजन से लेकर किसी भी पार्टी लुक के लिए कर सकती हैं ट्राई। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के टिप्स।



**जैकेट स्टाइल आलिया कट कुर्ती डिजाइन :** फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरीके से सिंपल कुर्ती के ऊपर आलिया कट वाली जैकेट को पहन सकती हैं। जैकेट को बांधने के लिए आप डोरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। डोरी में लगाने के लिए आप हैवी लटकन का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह के लुक को आप ड्रेस की तरह भी पहन सकती हैं या चाहे तो इसे सूट की तरह पहन सकती हैं।

**शॉर्ट लेंथ आलिया कट कुर्ती डिजाइन :** अगर आप इंडो-वेस्टर्न लुक ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरह से शॉर्ट लेंथ आलिया कट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह में आपको सिंगल कुर्ती के साथ-साथ आपको कुर्ता सेट में भी आपको काफी ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे। शॉर्ट लेंथ कुर्ती को स्टाइल करने के लिए आप धोती या शरारा के साथ इसे स्टाइल कर सकती हैं।

# घर पर बना रही हैं हेयर टोनर, तो इन छोटी-छोटी बातों का रखें ध्यान

अगर आप अपने कलर्ड हेयर को एक परफेक्ट टच देने के लिए हेयर टोनर को घर पर ही बना रही हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। जानें इस लेख में। स्किन की केयर करने के लिए हम सभी टोनर का इस्तेमाल करती ही हैं। यहां तक कि इसे बेसिक स्किन केयर रूटीन में शामिल किया जाता है। हालांकि, अब स्किन टोनर की ही तरह हेयर टोनर भी काफी पॉपुलर होने लगे हैं। अमूमन कलर्ड हेयर पर इनका इस्तेमाल किया जाता है। हेयर टोनर एक ऐसा प्रोडक्ट है जो आपके बालों के कलर को सही या फिर पर्सनलाइज करने में आपकी मदद करता है। आमतौर पर, प्रोफेशनल कलर ट्रीटमेंट के बाद कलर को और भी ज्यादा विजिबल बनाने या फिर कलर टोन को करेक्ट करने के लिए हेयर टोनर को काम में लाया जा सकता है। जिससे आपके बालों के कलर को एक प्रोफेशनल फिनिश्ड लुक मिलता है।

**बालों के कलर को जानें:** मार्केट में तो आपको हर हेयर कलर के अनुसार टोनर मिल जाएंगे। लेकिन जब आप इसे घर पर बना रहे हैं तो आपको अपने बालों के कलर और उसे किस तरह से टोन देना चाहते हैं, उसके बारे में जानें। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे सही इंग्रीडिएंट्स का चयन करके



बालों को बेहतर तरीके से टोन कर पाते हैं। यहां आपको यह भी जानना चाहिए कि हर इंग्रीडिएंट का बालों पर एक अलग इफेक्ट होता है।

**मात्रा का रखें ध्यान:** कई बार ऐसा होता है कि हेयर टोनर बनाते समय हम इंग्रीडिएंट्स को अंदाज से इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से आप बालों को सही तरह से टोन नहीं कर सकते हैं। इसलिए, हमेशा ध्यान रखें कि आप जब भी घर पर खुद से हेयर टोनर बनाएं तो सभी इंस्ट्रक्शन को बारीकी से फॉलो करें। आप सामग्रियों की मात्रा व अनुपात का खास ख्याल रखें। तभी आपको मनपसंद रिजल्ट मिल सकते हैं। अगर आप पहली बार खुद का हेयर टोनर बना रही हैं और इसलिए कलर या इंग्रीडिएंट्स को लेकर किसी भी तरह की दुविधा आपके मन में है तो कोशिश करें कि आप किसी प्रोफेशनल की मदद लें।

# गर्मी में पसीने से मेकअप हो जाता है चिपचिपा इसके लिए फॉलो करें जरूरी शानदार टिप्स

गर्मी में जब भी हम मेकअप करते हैं तो वो अक्सर पसीने में चिपचिपा हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप सही टिप्स को फॉलो करें, ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे।

गर्मी शुरू होते ही सबसे ज्यादा दिक्कत स्किन पर आती है। ऐसा इसलिए क्योंकि तेज धूप में निकलने सनबर्न होने लगता है। साथ ही स्किन पसीने की वजह से चिपचिपी हो जाती है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत आती है जब हम मेकअप करके बाहर निकलते हैं। ज्यादा गर्मी होने की वजह से जो पसीना हमारे फेस पर आता है। इससे सारा मेकअप खराब हो जाता है। साथ ही स्किन चिपचिपी हो जाती है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ खास टिप्स का ध्यान रखें, ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहे।

**मेकअप करने से पहले स्किन को करें हाइड्रेट:** कई बार धूप में



ज्यादा निकलने की वजह से स्किन पर मौजूद नमी कम हो जाती है। ऐसे में स्किन के पोर्स ओपन हो जाते हैं, जिसकी वजह से ज्यादा पसीना आने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप एलोवेरा जेल या कोकोनट वाटर का इस्तेमाल चेहरे पर करें। इससे स्किन हाइड्रेट रहती है। साथ ही यह एक्स्ट्रा ऑयल को कम कर देते हैं। जिससे मेकअप चिपचिपा नजर नहीं आता है।

**लाइट मॉइश्चराइजर का करें इस्तेमाल :** मेकअप करने से पहले हम अपनी स्किन को अच्छे से प्रेप करते हैं, ताकि मेकअप अच्छा लगे। इसके लिए हम अक्सर प्राइमर से पहले मॉइश्चरइजर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आपकी स्किन ऑयली है तो गर्मी के मौसम में आप लाइट वेट मॉइश्चराइजर को मेकअप से पहले लगाएं, ताकि आपका मेकअप चिपचिपा नजर न आए। इसके लिए आप एक्सपर्ट की सलाह ले सकती हैं।

वॉटरप्रूफ मेकअप का करें इस्तेमाल आजकल मार्केट में अलग-अलग तरह के मेकअप आने लगे हैं। अगर आपकी स्किन ज्यादा ऑयली है तो गर्मी के मौसम में आपको वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे मेकअप चिपचिपा नजर नहीं आता है।

## कार्नर न्यूज

## गर्मी के मौसम में आपका लुक निखारेगी चेक शर्ट

# चेक की शर्ट खरीदने से पहले इन बातों का रखें ध्यान, जलवा रहेगा बरकरार

चेक शर्ट पुरुषों के गुड लुक्स के लिए बेस्ट ऑप्शन है, वो भी सालों से। आपकी अलमारी में भी कम से कम दो चेक शर्ट जरूर होंगी। अधिकतर पुरुषों के साथ ऐसा ही होता है। फिर वो चाहे कॉलेज में पढ़ते हों या फिर ऑफिस जाते हों। चेक पैटर्न को सब लोग अपनी वॉर्डरोब का हिस्सा बनाते ही हैं। पर कभी ध्यान दिया है कोई चेक शर्ट में बेहतरीन लगता है तो कोई बस ओके-ओके। या फिर उसी एक शर्ट में कोई बहुत अच्छा लग रहा होता है तो कोई बस 'काम चलाऊ'। दरअसल ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ज्यादातर लोग सिर्फ शर्ट पसंद करके ही इसे खरीद लेते हैं। जबकि चेक शर्ट सिर्फ उसके अच्छा दिखने भर से पसंद नहीं की जा सकती है। बल्कि इसके लिए आपको कई दूसरी बातें भी याद रखनी होती हैं। इनको जब पहनें तो भी कुछ टिप्स याद रखना बिल्कुल ना भूलें।

शर्ट खरीदने निकलना है और ढेर सारे शर्ट पैटर्न के बीच आपको चेक शर्ट ही भा रही है? लेकिन रुकिए चेक शर्ट खरीदने से जुड़े छोटे-छोटे नियम तो जान लीजिए।



**रंग:** आमतौर पर पुरुष चेक शर्ट की शॉपिंग कलर देखकर ही करते हैं। लेकिन पुरुष कलर वो चुनते हैं, जो उस चेक पर अच्छा लग रहा होता है। लेकिन चेक शर्ट का कलर चुनने की बारी आए तो न्यूट्रल रंगों का चुनाव ही सही रहता है। न्यूट्रल रंग मतलब सफेद, हरा और नेवी। ये रंग हर कलर के बॉटम के साथ चल जाते हैं। कह सकते हैं ये सेफ साइड ऑप्शन है।

पैटर्न छोटे चेक स्मार्ट लुक देते हैं लेकिन बड़े चेक कैजुअल लुक देते हैं। इन दोनों के बीच वाले चेक का चुनाव आपको वर्सेटाइल लुक जरूर देगा।

**फैब्रिक :** फैब्रिक वो चुनना चाहिए, जिससे बनी शर्ट के खुले और बंद दोनों ही होने पर आप परफेक्ट दिखें। इसके लिए आपको सॉफ्ट कपड़ा ही चुनना होगा, जैसे कॉटन।

**चमकते रंगों से बचते हैं तो:** हो सकता है आप भी उन ज्यादातर पुरुषों में शामिल हों, जो चमकते हुए ब्राइट रंग के कपड़े चुनने से बचते हैंवो भी सिर्फ इसलिए कि लोग घूर-घूर कर देखेंगे। तो चेक शर्ट आपके इस डर के बिना, ब्राइट रंग पहनने का मौका देती है। होता ये है कि इसमें मौजूद चेक चमकते रंगों को भी पूरी तरह से फोकस में नहीं आने देते हैं। इसलिए पुरुषों के लिए ब्राइट रंग का चुनाव करना आसान हो जाता है। स्टाइलिस्ट निधि शर्मा कहती हैं कि इसलिए चेक शर्ट के साथ ब्राइट रंग जैसे ऑरेंज, टेंजारिन रेड आदि को चुन सकते हैं। कह सकते हैं कि चेक के साथ आप अपने मन के सभी रंगों में शर्ट खरीद सकते हैं।

**चेक का फैशन हमेशा :** चेक एक ऐसा पैटर्न है, जो हर दौर, हर उम्र, हर रंग और हर कदकाठी के साथ मैच करता है। ये हर लुक के साथ अच्छा लगता है। आप खुद ही देखिए, इसको लोग फॉर्मल की तरह भी पहनते हैं और केजुएल की तरह भी। ऑफिस जाने वाले इस लुक में दिख जाएंगे तो कॉलेज के यंगस्टर भी। इतना ही नहीं इसमें फुल स्लीव और हाफ स्लीव दोनों ही अच्छी लगती हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती है, इसको लेयरिंग में पहनना भी आउट ऑफ फैशन नहीं लगता है।

**पहचानिए बेस्ट लुक:** एक मौसम वो भी होता है, जब जाड़ा तो होता है लेकिन इतना नहीं कि जैकेट पहनी जाए। इस वक्त चेक शर्ट का चुनाव अच्छा रहता है। आपको शर्ट के नीचे टीशर्ट



पहननी होगी ताकि ठंड न लगे। ऐसा करके आप अपना लुक भी सुधार लेंगे, वो अलग। गर्मी लगे तो शर्ट उतार लीजिए। आपका लुक नहीं बिगड़ेगा, क्योंकि अंदर टीशर्ट तो होगी ही।

जब गर्मी वाले लुक से ऊब होने लगे तो फुल या हाफ चेक शर्ट के साथ शॉर्ट पहने जा सकते हैं। ये लुक कुछ ज्यादा स्मार्ट और मेच्योर लगेगा। पब हो

5- APR-Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/5/2024 8:21 PM Page 1





# वरुण चौथी बार पिता डेविड धवन की फिल्म में दिखेंगे

**मुंबई।** वरुण धवन को पिछली बार फिल्म 'बवाल' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। फिलहाल वरुण के हाथ में कई फिल्में हैं और अब एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है। अभिनेता ने एक बार फिर अपने पिता और मशहूर निर्देशक डेविड धवन से हाथ मिला लिया है और अब दोनों मिलकर फिर अपनी फिल्म से दर्शकों को लोट-पोट करने की पूरी तैयारी में हैं। डेविड और वरुण ने टिप्स फिल्मस से हाथ मिलाया है। रमेश तौरानी फिल्म के निर्माता हैं। भले ही फिल्म के शीर्षक से अभी पर्दा नहीं उठा हो, लेकिन इसकी रिलीज तारीख सामने आ चुकी है। यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style



# भूमि पेडनेकर
## मर्डर की गुत्थी सुलझाएंगी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे करियर के शुरुआती दौर से ही चुनौतियां पसंद रही हैं।खास बात यह है कि शुरू से ऐसी भूमिकाएं मिलीं, जिन्होंने मुझे मेरी सीमाओं से आगे जाकर काम करने की हिम्मत दी।

वेबसीरीज दलदल में मेरा किरदार बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मैं इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाने के लिए उत्सुक हूं। मेरे पास पहले भी कई कहानियां आई हैं, जहां महिलाएं यूनिफार्म में थीं, लेकिन यह बहुत प्रभावशाली है। मैंने पहले इस तरह के रोल के बारे में न पढ़ा है, न देखा है। कहानी शुरू ही यहीं से होती है कि मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है और वह कई मर्डर केस और अन्य क्राइम को सुलझाती है। वेब सीरीज दलदल अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। भूमि की अब तक की फिल्मी जर्नी की बात की जाए तो बड़े पर्दे से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भूमि ने बड़ी ही बखूबी से अपनी दमदार एक्टिंग से दोनों ही प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जगह बनाई है लेकिन अब एक्ट्रेस हॉलीवुड में भी अपना सिक्का आजमाना चाहती है। एक्ट्रेस ने अपनी इस इच्छा का बारे में हाल ही में अपने एक मीडिया इंटरव्यू में बात की। एक इंटरव्यू में भूमि ने कहा है कि हॉलीवुड में अब सांवली लड़कियों का करियर आसमान छू रहा है।

हॉलीवुड मसाला



# बारबरा रश का निधन

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस बारबरा रश नहीं रहीं. उन्होंने 97 साल की उम्र में अंतिम सांस लीं। बारबरा रश की बेटी और फॉक्स न्यूज चैनल की सीनियर कॉरेस्पोंडेंट क्लाउडिया कोवान ने फॉक्स न्यूज डिजिटल को अपनी मां की मृत्यु की पुष्टि की। बारबरा रश को 'इट केम फ्रॉम आउटर स्पेस' जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है। इसके साथ ही उन्हें 'पीटन प्लेस' और 'ऑल माई चिल्ड्रन' जैसी टेलीविजन सीरीज में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



# जस्टिन और हैली बीबर ने साथ मनाया ईस्टर

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सिंगर जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली बाल्डविन बीबर ने ईस्टर को काफी खास अंदाज में मनाया। हाल ही में हैली ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने ईस्टर सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी झलक दिखाई। दरअसल, पिछले काफी लंबे समय से दोनों के अलग होनी की खबरें हर तरफ छाई हुई थी। ऐसे में हैली द्वारा शेयर की गई इस ईस्टर सेलिब्रेशन की फोटो ने इन सभी अफवाहों पर फुल स्टॉप लगा दिया है। बता दें, दोनों ने साल 2018 में एक दूसरे से शादी की थी. इससे पहले दोनों ने एक दूसरे लंबे समय तक डेट किया था। हालांकि, इससे पहले भी हैली ने जस्टिन के 30वें बर्थडे पर कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की थी, जिसके बाद इस सभी अफवाहों पर ब्रेक लग गया था।



# 'लव एंड वॉर' में बनेंगी जैज सिंगर...

**मुंबई।** निर्देशक संजय लीला भंसाली इन दिनों जहां अपने करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं उनकी फिल्म 'लव एंड वॉर' भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की तिकड़ी दर्शकों के बीच आ रही है। ये फिल्म 1964 में आई राज कपूर की फिल्म 'संगम' से प्रेरित होगी, जो क्रिसमस, 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब इससे जुड़ीं नई जानकारियां सामने आई हैं, वहीं आलिया के किरदार से भी पर्दा हट चुका है। वह इस फिल्म में जैज गायिका बनी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसा फिल्म का नाम है 'लव एंड वॉर', इससे ये तो जाहिर है कि फिल्म की कहानी प्यार, वफादारी, बलिदान और रिश्ते के फैसलों के आस-पास घूमने वाली है।



# फिल्म 'रुस्लान' 26 को देगी दस्तक...

**मुंबई।** सलमान खान के बहनोई और बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म 'रुस्लान' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें आयुष की जोड़ी सुश्री मिश्रा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। इस फिल्म के जरिए सुश्री अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अब आयुष ने 'रुस्लान' का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। 'रुस्लान' का ट्रेलर आज 5 अप्रैल को जारी किया जाएगा। आयुष ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'अब होगा असली हंगामा 'रुस्लान' और गैंग तैयार है। ट्रेलर कल रिलीज होगा।' करण ललित बुटानी ने 'रुस्लान' का निर्देशन किया है तो वहीं राधामोहन फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# 'नो एंट्री 2' में हुई श्रद्धा, कृति और मानुषी की एंट्री, कॉमेडी का तड़का लगाएंगी अभिनेत्रियां







**मुंबई।** बोनी कपूर पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। जब से बोनी ने अपनी फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल का ऐलान किया है, उनका नाम मीडिया खबरों में बना हुआ है। फिल्म में नजर आने वाले अभिनेताओं के नाम पर निर्माता पहले ही मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, फिल्म की अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई थी। अब एक रिपोर्ट में इसमें नजर आने वाली अभिनेत्रियों के नाम का भी खुलासा हो गया है। बोनी ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि 'नो एंट्री 2' में मुख्य भूमिका में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'नो एंट्री 2' में काम करने वाली अभिनेत्रियों का चयन भी हो गया है। कथित तौर पर फिल्म से मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सैनन के जुड़ने की खबर है। दावा किया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएंगी। सूत्रों ने बताया है कि मानुषी, कृति और श्रद्धा फिल्म में अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी। बता दें, मानुषी ना केवल कृति और श्रद्धा के साथ पहली बार साथ काम करती दिखाई देंगी, बल्कि वह तीनों अभिनेताओं के साथ भी पहली बार स्कीन साझा करेंगी। यह भी बताया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी, जो कहानी को और ज्यादा मजेदार बनाने का काम करेगा। बोनी ने अर्जुन, वरुण और दिलजीत ने नाम पर मुहर लगाते हुए कहा था, जो भी नाम बताए गए हैं वे सही हैं। फिल्म में वही अभिनेता मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आइए आशा करते हैं कि चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी और यह 'नो एंट्री' की तरह ही दिलचस्प और मजेदार बेनगी। इसकी स्क्रिप्ट बिल्कुल शानदार है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि यह स्क्रिप्ट पहली वाली की तुलना में और ज्यादा मजेदार है।

### इसी साल शुरू होगा फिल्म पर काम

*'नो एंट्री 2' साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री' का सीक्वल है, जिसमें सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे। 'नो एंट्री' को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म का निर्देशन अनीज बज्मी ने किया था और 'नो एंट्री 2' की कमान भी वही संभालेंगे। 'नो एंट्री 2' पर काम इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगा। अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

# 'बड़े मियां छोटे मियां' के इन सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



**मुंबई।** अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' अगले हफ्ते ईद पर रिलीज हो रही है। ऐसे में सेंसर बोर्ड से भी इसे कुछ सुझावों के साथ हरी झंडी मिल गई है वहीं कुछ सीन्स पर सेंसर बोर्ड ने कैंची भी चलाई है। बता दें कि 6 महीने के बाद एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार लौट रहे हैं। इस बार वह टाइगर श्रॉफ को लेकर 'बड़े मियां छोटे मियां' लेकर आ रहे हैं जो कि अगले हफ्ते 10 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी। फिलहाल 'बड़े मियां छोटे मियां' को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। सर्टिफिकेशन के दौरान अक्षय की फिल्म में कुछ बदलाव के सुझाव भी दिए गए थे। 'बड़े मियां छोटे मियां' की रनटाइम की बात करें तो ये 2 घंटे 44 मिनट (164 मिनट) लंबी है। मंगलवार को 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर सेंसर बोर्ड ने भी अपने सुझाव दिए।

# रणबीर की 'रामायण' के लिए बना 11 करोड़ का अयोध्या का सेट



**मुंबई।** बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म रामायण को लेकर इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। हाल ही में खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए मुंबई में अयोध्या का भव्य सेट तैयार किया गया है, जिसकी लागत 11 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि इस सेट पर फिल्म की लीड स्टारकास्ट यानी रणबीर कपूर और साई पल्लवी शूटिंग करेंगे। वहीं, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रणबीर के अप्रैल के बीच में शूटिंग में शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, इससे पहले उन्हें भगवान राम के किरदार के लिए अपना लुक पाने 3डी स्कैन से गुजरना होगा। कहा जा रहा है कि रणबीर तीरंदाजी की ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। 'रामायण' एक नहीं, बल्कि तीन भागों में रिलीज होगी। पहला भाग भगवान राम की युवावस्था और सीता के साथ विवाह पर केंद्रित है और यह सीता के अपहरण के साथ समाप्त होगा। 'रामायण' में रावण के किरदार के लिए यश का नाम तय हुआ है। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है।

# सुनील ग्रोवर ने इस तरह मनाया कपिल शर्मा का बर्थडे



**मुंबई।** कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा ने मंगलवार, 2 अप्रैल को अपना जन्मदिन परिवार, दोस्तों और अपने हाल ही में रिलीज हुए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के कलाकारों के साथ मनाया। पार्टी में उनके दोस्त एक्टर सुनील ग्रोवर भी उनके लिए 'हैप्पी बर्थडे' गाना गाते नजर आए। झगड़े के बाद कपिल और सुनील सात साल बाद फिर से एक साथ आए हैं और नेटफ्लिक्स शो के लिए उनकी एक साथ वापसी ने काफी चर्चा पैदा कर दी है। सिंगर-एक्टर गुरु रंधावा ने कपिल शर्मा के बर्थडे के मिडनाइट सेलिब्रेशन का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि कपिल शर्मा नेटफ्लिक्स-थीम वाला केक काट रहे हैं। वह केक का पहला बाइट अपनी पत्नी गिन्नी चतरथ को खिलाते हैं। जब गुरु रंधावा यह वीडियो बना रहे होते हैं, तो सुनील ग्रोवर उनके साथ खड़े हुए नजर आते हैं और कपिल के 'हैप्पी बर्थडे' सॉन्ग गाते हैं।

## अप्रैल और मई के महीने में आने वाली हैं कई बढ़िया फिल्में

# द साबरमती रिपोर्ट से लेकर अमर सिंह चमकीला तक के ट्रेलर हुए रिलीज

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड की तमाम फिल्में सिनामाघरों में धमाल मचा रही है। एक के बाद एक फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही हैं। इस हफ्ते बॉलीवुड की कई बड़ी और चर्चित फिल्मों के ट्रेलर रिलीज हुए हैं। इन फिल्मों का इंतजार फैंस कई महीनों और सालों से कर रहे हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक में अप्रैल और मई के महीने में कई बढ़िया फिल्में आने वाली हैं। अक्षय-टाइगर की फिल्म 'बड़े मिया छोटे मियां' से लेकर दिलजीत-परिणीति की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' इन फिल्मों के टीजर और ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज किए गए।




### द साबरमती रिपोर्ट

*फिल्म 12वीं फेल से धमाल मचाने वाले एक्टर विक्रांत मैसी अब एक नया और सनसनीखेज प्रोजेक्ट द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ रहे हैं। बता दें कि, बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन में बनी 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी के साथ राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। इस फिल्म को रंजन चंदेल ने डायरेक्ट किया है। शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन इस फिल्म के निर्मिता हैं। ये फिल्म 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।*

### बड़े मियां छोटे मियां

फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज हुआ। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ साथ टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म को अली अब्बास ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म इस ईद के मौके पर 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। वहीं फिल्म में विलेन के किरदार में साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन हैं।






### अमर सिंह चमकीला

*इम्तियाज अली की अकमिंग फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' का इसी हफ्ते धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया। बता दें कि, फिल्म 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ये फिल्म पंजाब के ओरिजनल रॉकस्टार अमर सिंह चमकिला की स्टोरी पर बेस्ड है, जिन्हें अक्सर 'पंजाब का एल्विस प्रेस्ली' कहा जाता था। यह दर्शकों को पंजाब के लोक संगीत की झलक भी देता है जहां कभी चमकीला की आवाज गरजती थी। फिल्म में परिणीति चोपड़ा चमकीला की पत्नी और सिंगिंग पार्टनर अमरजोत का किरदार निभाती नजर आएंगी।*

### फैमिली स्टार

स्टार विजय देवरकोंडा भी अपनी फिल्म 'फैमिली स्टार' के साथ आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज हुआ। ट्रेलर में कई तरह की भावनाओं को दिखाया गया है, जो एक फुल फैमिली एंटरटेनर फिल्म का डोज देता है। उनके साथ मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। फिल्म में रोमांस, ड्रामा, एक्शन और कॉमेडी का भी डोज है। 'फैमिली स्टार', आज5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## खबर संक्षेप

### लिटिल एंजिल स्कूल के छात्र वंदना व आयुष का नवोदय में चयन

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र में संचालित लिटिल एंजिल इंग्लिश मिडियम स्कूल के छात्रों का प्रतिवर्ष नवोदय स्कूल में चयन होता आ रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी विद्यालय के दो छात्रों आयुष साव और वंदना गुप्ता का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। उक्त स्कूल के प्रबंधन प्रमुख दुष्यंत प्रधान के मुताबिक पुसौर क्षेत्र उडीया भाषा भाषी है जहां उडीया कल्चर का ज्यादातर उपयोग होता है इसे भी ध्यान में रखकर हमारा स्कूल प्रबंधन प्रत्येक उडीया सनातनी गतिविधि के मद्देनजर आये दिन वो आयोजन करती रहती है जिससे तालिया ही नहीं बटोरी जाती बल्कि शिक्षा और संस्कार के वो कम्बिनेशन देखने को मिलता है जिसमें कि यहां का उत्तीर्ण छात्र कभी कभी अपनी आजिविका के लिये किसी से मोहताज नहीं हो सकता।



### नालियों पर बने कब्जे हटाने के एसडीएम ने दिए निर्देश



**सारंगढ़।** आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ ने नगरपालिका परिषद के अधीन सारंगढ़ शहर के सफाई व्यवस्था का सुबह जायजा लिया। उन्होंने वार्ड 08, 13 और 15 के सड़कों और नालियों का अवलोकन किया। साथ ही सभी स्थानों पर सफाईकर्मियों से नालियों को साफ कराया। एसडीएम श्री जैन ने कई नाली में कचरा फंस जाने और उस पर कब्जा होने से सफाई नहीं होने के कारण को देखते हुए सीएमओ को नालियों के ऊपर किए गए कब्जा को हटाने के निर्देश दिए.इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश पांडेय, सफाई दारोगा मोहन मरावी, पीआईयू आकाश पांडेय, आलोक मिश्रा उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता व अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा समारोह

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में हरित सेवा समिति अध्यक्ष व कियोस्क शाखा के संचालक सीताराम चौहान द्वारा अपने टीम के साथ महापुरूषों के जन्म जयंती एवं उनके पुण्यतिथियों को एक समारोह के साथ आए दिन संपन्न किया जाता रहा है ताकि लोगों के जेहन में उनके बलिदान एवं अवदान जिवित रहे। बीते विधान सभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर एक हस्ताक्षर अभियान इनके द्वारा चलाया गया था जिसमें इन्हें तात्कालीन कलेक्टर द्वारा सम्मान भी प्राप्त हुआ था। बहरहाल लोक सभा चुनाव में भी इनके द्वारा एक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताविक 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती होने से इनकी जन्म जयंती को को एक पखवाडा के रूप में मनाने इसे 1 अप्रेल से प्रारंभ कर दिया गया है जिसके लिए बस स्टैण्ड में पंडाल है और जगह जगह होडिंग भी लगाई गई है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय बदला

**रायगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 8 अप्रैल से 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे किया गया है। इसी तरह केन्द्र संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक होगा। जिले में 2706 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

### शराब के पुराने स्टाक की भी नए रेट पर होगी बिक्री

**रायगढ़।** राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल से मदिरा में वृद्धि करते हुए मदिरा विक्रय दर सूची जारी की गई है। सहायक आयुक्त आबकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार देशी मदिरा के प्रचलित क्वार्टर के मूल्य में 12.5 प्रतिशत, विदेशी मदिरा में प्रचलित चीपर रेंज के क्वार्टर के मूल्य में 8 प्रतिशत, जबकि विदेश से आयातित बोर्न इन ओरिजिन कतिपय प्रचलित ब्रांड के मूल्य में 45 प्रतिशत और इससे भी अधिक तक की वृद्धि की गई है। साथ ही 01 अप्रैल से पूर्व मदिरा दुकानों में संग्रहित हो चुकी मदिरा भी 01 अप्रैल से बढ़े हुए मूल्य पर ही बेची जाएगी।

### जिले में 31 जुलाई तक बिना अनुमति नलकूप खनन प्रतिबंधित

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिला को आगामी 31 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।
छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 क्रमांक 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।

---

वन अधिकार पट्टाधारी मजदूरों को भी मिला 200 दिनों का काम

# 9226 मजदूरों को 150 व 198 को 200 दिनों का मिला रोजगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत काम करने वाले 9 हजार 424 मजदूरों को 100 दिनों, 9 हजार 226 मजदूरों को 100-150 दिनों का तथा 198 मजदूरों को 150-200 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

गौरतलब है कि मनरेगा के तहत केन्द्र सरकार द्वारा 100 दिनों का रोजगार मजदूरों को दिया जाता है। इसके अलावा 100 से 200 दिनों तक का रोजगार देने की योजना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। ऐसे में जिन मजदूरों ने 100 से लेकर 200 दिनों तक काम किया है, उन्हें मेहनताना भी राज्य केन्द्र देती है, यानी 100 दिनों तक काम करने पर केन्द्र सरकार की ओर से इन मजदूरों को मेहनताना मिलता है, इसके अलावा भी 100 से 200 दिनों तक काम करने पर राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त मेहनताना दिया जाता है। इसके साथ ही जिन लोगों को वन अधिकार पट्टा प्रदान किया गया है, वे लोग भी मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में काम करते हैं। आंकड़ों की बात करें तो वन अधिकार पट्टा प्राप्त 1 हजार 78 मजदूरों को 100 दिनों के काम के एवज में मजदूरी प्रदान करने का लक्ष्य था, जिसके विरूद्ध 1 हजार 62 मजदूरों को 100 से 200 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

#### 98 फीसदी वनाधिकार पट्टाधारियों को मिला काम

जानकारी के अनुसार 1 हजार 78 वनाधिकार पट्टाधारियों के विरूद्ध 1 हजार 62 मजदूरों को मनरेगा के तहत बीते एक साल में काम मिला है। इसे प्रतिशत में देखें तो करीब 98.52 फीसदी को काम मिलने के साथ ही मजदूरी भुगतान की गई है।

#### 3 साल काम नहीं किया तो होते हैं इनएक्टिव

इस संबंध में बताया गया कि यदि कोई मजदूर लगातार 3 वर्षों तक मनरेगा के तहत काम नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में साफ्टवेयर ऑटोमेटिक ही उन्हें इनएक्टिव कर देता है।

#### आचार संहिता में घटी मजदूरों की संख्या

वहीं बताया जा रहा है कि वर्तमान में करीब 1 लाख 73 हजार मजदूर एक्टिव हैं। किंतु काम करने वाले मजदूरों की संख्या में कमी आई है। हालांकि इस कमी के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# तमनार में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन




**तमनार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लैलूँगा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 3 अप्रेल को तमनार में हजारों युवा महिला वरिष्ठगण शामिल हुए। लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज ने कहाकि भाजपा मोदी सरकार द्वारा भाजपा मोदी सरकार द्वारा 10 साल कार्यकाल में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ के साथ ऐतिहासिक कार्य किया गया है। भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने दृढ़ संकल्पित हैएलोकसभा चुनाव भारत देश की राजनीति व विकास की दिशा तय करेगी। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी व विष्णुदेव साय की सुशासन से सर्वांगीण विकास हो रहा है। पूर्व सांसद गोमती साय ने कहाकि मुझे जनता ने देश की सबसे बड़ी पंचायत में सेवा करने का अवसर दिया जब प्रदेश में हमारी सरकार नही थी मैने 8 विधानसभा के कार्यकर्ताओं को सरकार न होने का दंश नही झेलने दिया यथासम्भव समर्थ के अनुसार कार्य करती रही। मैं आज इस मंच के माध्यम से विश्वास दिलाती हूं कि हमारे राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रत्याशी राधेश्याम राठिया जनता की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे। सम्मेलन में वरिष्ठ नेता गिरधर गुप्ता, देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया गया।

### शराबी युवक की लू लगने से मौत

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम बादिमाल निवासी सन्यासी खडिया पिता चैनु खडिया उम्र 34 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करने वाला उक्त व्यक्ति का शव बीते मंगलवार को बरपाली गौठान के पास मिलने की खबर सामने आया जिससे पुसौर पुलिस प्रमुख आर के बंजारे के मार्गदर्शन में थाना में पदस्थ स्टाफ जाकर शव को सुपुर्द में लिया और उसका पोस्टमार्टम कराया जाकर उसे विवेचना में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सन्यासी खडिया अपने 2 बच्चों व पत्नी का भरण पोषण करता था कुछ वर्ष पूर्व उसकी पत्नी इन्हें छोडकर चली गई है जिससे अपने दो बच्चों को अपने माता पिता एवं अपने भाई के सहारे इनका लालन पालन कर रहा था। आस पास के लोगों का कहना है कि सन्यासी बिते रविवार को बरपाली गया था जहां इसे कई लोग देखें थे। पुलिस के अनुसार सन्यासी का शव 2 दिन पुराना होना बताया जा रहा है और यह कयास लगाया जा रहा है कि अधिक शराब के सेवन से खरी दोपहर में ग्राम बरपाली से बादिमाल आने के बीच इसका संतुलन बिगडा और वहीं पसर गया।

# धूमधाम से उत्कल दिवस का आयोजन




**रायगढ़।** 01 अप्रैल को उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति ने पुलिस लाइन स्थित नीलाचल भवन में उत्कल दिवस धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम सायं 7 बजे प्रारंभ हुआए इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रभु जगन्नाथ का विधिवत पूजन अर्चन कर किया गया।

मंच पर समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुचित्रा त्रिपाठी, सचिव देवेश षड़ंगी, समाज के वरिष्ठ सदस्य श्रीमती जया षड़ंगी, ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ.केएन पटेल, जगन्नाथ मंदिर न्यास के प्रबंध न्यासी डॉ. दिनेश षड़ंगी और उत्कलिका अध्यक्ष श्रीमती विपुला मिश्रा उपस्थित रहीं। मंच पर आसीन समिति के पदाधिकारियों और गणमान्य जनों के स्वागत के पश्चात श्रीमती पुष्पांजलि दास ने अपने मधुर स्वर में वंदे उत्कल जननी का गायन किया। तत्पश्चात समिति की विभिन्न इकाइयों के लेखा जोखा प्रस्तुति और वार्षिक प्रतिवेदन के वाचन की कड़ी में सर्वप्रथम नवगठित स्पोर्ट्स क्लब के प्रतिवेदन का वाचन राजीव नयन मिश्रा, पंडित भवानी शंकर षड़ंगी विद्यालय का प्रतिवेदन वाचन शाला विकास समिति उपाध्यक्ष नगेन्द्र आचार्य, जगन्नाथ मंदिर का प्रतिवेदन वाचन न्यास के कोषाध्यक्ष नारायण मिश्रा, उत्कलिका का प्रतिवेदन वाचन उत्कलिका अध्यक्ष श्रीमती विपुला मिश्रा ने किया। मंचीय उद्बोधन की कड़ी में श्रीमती जया षड़ंगी ने समिति की विभिन्न इकाइयों का परिचय दिया वहीं डॉ.के एन पटेल ने समाज के सदस्यों को प्रत्येक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की वहीं जगन्नाथ मंदिर न्यास के प्रबंध न्यासी डॉण दिनेश षड़ंगी ने अपने उद्बोधन में उत्कल संस्कृति का परिचय देते हुए प्राचीन वास्तु कला के बारे में बताया। समिति के सचिव देवेश षड़ंगी ने समिति के संघर्ष के दिनों के बारे में विस्तार से बताते हुए सबको सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आने को कहा। इस अवसर पर श्री कृष्ण लाल मिश्रा ने वृक्ष बचाओ अभियान पर अपनी कविता का पाठ किया।

## पेज 1 का शेष

### हेलमेट व सीट-बेल्ट ...

तीन सवारी और बिना हेलमेट मिले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। चार पहिया वाहनों के चालकों को सीट बेल्ट बांधने व नियंत्रित गति से वाहन चलाने की समझाइश दी गई। थाना प्रभारी सोनवानी ने कार्रवाई के बारे में बताया कि चेकिंग लगातार जारी रहेगी। इसके तहत ओवरलोड वाहन, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट बिना इंश्योरेंस वालों पर कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग अभियान के दौरान कई वाहनों के चालान काटने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए। पुलिस ने सभी पर चालानी कार्यवाई करते हुए वाहन के कागजात साथ लेकर चलने का निर्देश दिया। दरअसल, क्षेत्र में हो रहे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सघन चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस के इस चेकिंग अभियान को देखकर वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों में हड़कंप दिखाई दिया। वाहनों की जांच होते देख अधिकांश वाहन चालकों ने पुलिस की नजर बचाकर रास्ता बदलकर निकलने में ही अपनी भलाई समझी।

### विद्यादान सबसे ...

ने खेल खेलकूद मैं अपना विशेष स्थान बना लिया है जिसमें क्लास 12वी के आर्यन पटेल इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट इन कराते,पिता श्री राजेश पटेल, माता श्रीमती गीता पटेल ,कक्षा दसवी भास्कर पाठक नेशनल पार्टिसिपेट इन रेसलिंग पिताश्री मनोज पाठक, माता श्रीमती मधुपाठक कक्षा नाइंथ की भूमिका खुंटिया नेशनल पार्टिसिपेट इन रेसलिंग पिता श्री निर्मल खुंटिया माता श्रीमती सीमा खुंटिआ को मेडल देकर सम्मानित किया गया इनके अलावा और कई क्षेत्र में विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया है इन सभी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता सबको सम्मानित किया गया स्कूल के डायरेक्टर सर मिस्टर सरणजीत सिंह भाटिया ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए अच्छे शिक्षक और माता-पिता दोनों का सहयोग जरूरी होता है, इसलिए बच्चों को कम उम्र में बाहर पढ़ने ना भेजे जैसे संदेश संदेश दिए और उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 70-80 बच्चे जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और वे पढ़ना चाहते हैं उनकी मदद जोगपाल पब्लिक स्कूल पत्थलगांव और कासाबेल दोनों जगह की जा रही है। सभी अतिथियों ने भी अपने भाषण में बच्चों की पढ़ाई पर माता पिता के साथ पर बाल दिया । इस कार्यक्रम में स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया, शिक्षक शिक्षिकाएं ,स्कूल के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा इस तरह कार्यक्रम सफलता मिली पूर्वकसंपन्न हुआ ।एनुवल फंग्सन के रंगारंग कार्यक्रम साथ काफी संख्या में स्कूल के बच्चो के माता पिता एंव अन्य लोग उपस्थित है।

# दीवार लेखन और स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओ को जागरूक करने हेतु जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत रैलियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर दीवारों पर नारे एवं स्लोगन लिखकर मतदाताओ को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

■ महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर दिया संदेश, ली शपथ

स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूलों तथा कॉलेजों में भी नवीन मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत दुलदुला के हरियाली महिला क्लस्टर कस्तूरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली सामूहिक शपथ एवं मेंहदी,रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामों में स्लोगन लेखन कर 7 मई को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसी तरह स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जशपुर प्रेरणा महिला कलस्टर संगठन द्वारा भी दीवार लेखन के माध्यम से लोकतंत्र में सहभागिता के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। जिले भर में अभियान के तहत महिलाओं द्वारा निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सभी मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

# डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर शत प्रतिशत वोटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए



**जशपुरनगर।** बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने बगीचा एव कांसाबेल के सभी सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ , सचिव, पटवारी ,सुपरवाइजर की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन के तैयारी की जानकारी ली। उन्हीने लोकसभा चुनाव क़ो निष्पक्ष शांति पूर्ण रूप से संपन्न से कराने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सभी मतदान केंद्र मे शनिवार सुबह 9 से 10 बजे तक मतदाता जागरूकता रैली के आयोजन करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम ओंकार यादव ने सभी सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ, पटवारी का एक व्हाट्सप्प ग्रुप बनाकर समन्वय बनाकर बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने अगले दो दिवस मे जिन व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची मे नहीं है उन्हें सूची मे जोड़ने एवं स्पष्ट मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए औरसमय समय पर बीएलओ क़ो ट्रेनिंग देने कहा। उन्होंने मतदान केंद्रों मे पेयजल, छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम नेटवर्क की जानकारी ली एवनेटवर्क विहीन ग्रामो क़ो चिन्हाकित कर रनर की नियुक्ति करने कहा। एसडीएम श्री यादव ने मतदान दिवस के दिन कतार मे लगे महिला पुरुष मतदाताओ की गिनती प्रत्येक घंटे मे किये जाने के निर्देश दिए। बीएलओ द्वारा डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर शत प्रतिशत वोटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 105 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ।** सारंगढ थाना कोतवाली से सउनि सुनीता अजग्गले प्रधान आरक्षक जगदीश खुटे, आरक्षक 107 एवं सायबर सेल से प्रधान आरक्षक विक्कू सिंह ठाकुर, आरक्षक विमल जांगड़े के द्वारा ग्राम कोतरी में सुरज जांगड़े पिता बसंत लाल जांगडे के घर में कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में निर्माण कर बिक्री करने की सूचना मिलने पर रेड कार्यवाही किया गया। जहाँ सुरज जांगडे पिता बसंत लाल जांगडे के घर के पीछे हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 105 लीटर कीमती करीब 21 हजार रूपए के साथ शराब परिवहन करने के लिए उपयोग करने वाले एक मोटर सायकल को जब्त कर आरोपी गण सुरज जांगडे एवं उसके सहयोगी डमरूधर ऊर्फ पिन्टु साहू ग्राम कोतरी को आबकारी एक्ट अंतर्गत अपराध करना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।

# 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।

■ भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# तमनार में मतदान दलों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तमनार



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तिथि की घोषणा होने के साथ ही रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के तहसील तमनार अंतर्गत आने वाले 560 शासकीय कर्मचारी को मतदान दल के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में तहसील तमनार के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक प्रति दिन 11 से 5 बजे तक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विधान सभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान दल में पुरुष एवं महिला कर्मचारी शामिल हैं जिनको मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान की पूरी प्रक्रिया एवं का संचालन के साथ.साथ मतदान से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है। तमनार तहसीलदार रिचा सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा एवं विधान स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के उपस्थिति में इन दलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।




